सत्यमेव जयते

षोडश

बिहार विधान सभा

त्रयोदश सत्र

अल्पसूचित प्रश्न

वर्ग-3

बुधवार, तिथि 26 आषाढ़, 1941 (श०) / 17 जुलाई, 2019 (ई०)

प्रश्नों की कुल संख्या 02

(1)	लघु जल संसाधन विभाग	01
(2)	पंचायती राज विभाग	01
	कुल योग --	02

कार्रवाई करना

''क''-4. श्री समीर कुमार महासेठ--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के मधुबनी, कैमूर, रोहतास, पटना, नवादा, गया सहित 19 जिलों के 102 प्रखंडों के भू-जलस्तर में गिरावट के कारण भीषण जल संकट उत्पन्न हो गया है और प्राय: सभी जलस्त्रोत सूख गये हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि वाटर लेवल रिचार्ज, रेन वाटर हार्वेस्टिंग जैसे भू-जल को नियंत्रित करने वाले उपायों पर विगत 15 वर्षों में कोई कारगर काम नहीं होने के कारण आज राज्य जल संकट का सामना कर रहा है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार नीचे जा रहे भू-जलस्तर को मेन्टेन रखने तथा भू-जल रिचार्ज हेतु कौन-सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

एल0 ई0 डी0 लाइट लगवाना

18. श्री विजय कुमार खेमका--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि शहरी क्षेत्र में आम लोगों के सुविधा हेतु बिजली के पोल पर एल0 ई0 डी0 लाइट तो लगाया गया है किन्तु ग्रामीण क्षेत्र में यह व्यवस्था लागू नहीं है, जबकि सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में भी अब बिजली की निर्बाध आपूर्ति की जा रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि ग्रामीण क्षेत्र में बिजली के पोल पर एल0 ई0 डी0 लाइट नहीं रहने से रात में समस्त ग्रामीण मार्ग अंधेरे में डूबे रहते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में भी फेज वाइज बिजली के पोल पर एल0 ई0 डी0 लाइट लगाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पटना :
दिनांक 17 जुलाई, 2019 (ई0) ।

बटेश्वर नाथ पाण्डेय,
सचिव,
बिहार विधान सभा ।

नोट--''क''-दिनांक 4 जुलाई, 2019 को सदन द्वारा लघु जल संसाधन विभाग में स्था0 ।

बि0स0मु0 43(एल0ए0), 2019-20-डी0टी0पी0-500